# महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून

## प्रवेश सूचना

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून के सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (Centre of Excellence) में खेल एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं जूडो (पुरूष एवं महिला वर्ग) में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 की सांय 5:00 बजे** तक आवेदन पत्र वांछित प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट या सीधे कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जिन खिलाड़ियों के आवेदन पत्र निर्धारित मानकों के अनुसार चयनित हो जाते हैं, उनका चयन ट्रायल्स **दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 9:00 बजे ''महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून''** में आयोजित किया जायेगा, जिसकी सूचना अभ्यर्थी को उचित माध्यम के द्वारा उपलब्ध करा दी जायेगी।

सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स में प्रवेश हेतु मापदण्ड निम्नवत् है :–

1. प्रवेश 16 से 25 वर्ष के आयु वर्ग (दिनांक 01 जनवरी, 2025) के खिलाड़ियों को दिया जायेगा। (विशेष परिस्थितियों में चयन समिति की संस्तुति पर अधिकतम आयु में शिथिलता दी जा सकती है)
2. वह खिलाड़ी जिन्होने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में सीनियर व जूनियर आयु वर्गों में निम्नानुसार प्रथम 08 स्थान प्राप्त किया हो।
   (अ) नेशनल गेम्स।
   (ब) नेशनल चैम्पियनशिप (सम्बन्धित आयु वर्ग) जिन्हें सम्बन्धित राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा आयोजित किया गया हो।
3. राष्ट्रीय स्कूल खेलों में अण्डर–17 या अण्डर–19 आयु वर्ग में स्वर्ण प्राप्त किया हो।
4. ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त किया हो।
5. राष्ट्रीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया हो।
6. विगत ओलम्पिक खेलों, एशियन गेम्स/चैम्पियनशिप, वर्ल्ड चैम्पियनशिप/वर्ल्ड कप में प्रतिभाग किया गया हो (विभिन्न आयु वर्ग) यह खिलाड़ी स्वतः ही सम्बन्धित खेलों में प्रवेश हेतु अर्ह होगें।
7. प्रवेश में ऐसे व्यक्तिगत खिलाड़ियों को वरीयता दी जायेगी, जिन खिलाड़ियों से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन प्राप्त किया जा सके।
8. प्रवेशार्थी उत्तराखण्ड प्रदेश का स्थाई निवासी हो।
9. प्रवेश आयु सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण उपरान्त ही दिया जायेगा।
10. सेन्टर ऑफ एक्सलेन्सी में प्रवेश केवल दो वर्ष के लिए होगा।
11. प्रवेश करने वाले खिलाड़ियों का चयन समिति द्वारा शारीरिक परीक्षा एवं वर्तमान प्रदर्शन की परीक्षा ली जायेगी।
12. चयनित समस्त खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखण्ड से प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा, जिस हेतु **₹** 10/– के शपथ पत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।
13. आवेदन पत्र कॉलेज वेबसाइट www.mpscollege.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रधानाचार्य,<br>
महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज,<br>
देहरादून।